2026

HINDI

(Major)

Paper : HIN4400104MJ

(हिन्दी पत्रकारिता के विविध आयाम)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) पत्रकारिता शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी अनुवाद है?

(ख) भारत का पहला हिन्दी समाचार-पत्र कौन-सा माना जाता है?

(ग) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से हुआ था?

(घ) द्विवेदी युग में भाषा की प्रमुख विशेषता क्या थी?

(ङ) संपादक का कार्य क्या होता है?

(च) 'हंस' पत्रिका के प्रथम संपादक कौन थे?

(छ) समाचार के दो प्रमुख प्रकार लिखिए।

(ज) सूचना का अधिकार कब लागू हुआ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) खोजी पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?

(ख) समाचार के तत्त्वों को लिखिए।

(ग) फीचर-लेखन का उद्देश्य क्या है?

(घ) स्तंभ-लेखन की विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) साहित्यिक पत्रकारिता क्या है?

(च) 'धर्मयुग' पत्रिका का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(छ) प्रेस की स्वतंत्रता क्यों आवश्यक है?

(ज) 'संपादन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(झ) पावर पाइंट प्रेजेंटेशन क्या है?

(ञ) एम० एस० वर्ड में टंकित सामग्री को सेव करने की दो विधियों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) पत्रकारिता की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

(ख) समाचार-संकलन की लेखन-विधि को समझाइए।

(ग) फीचर-लेखन की विशेषताएँ लिखिए।

(घ) द्विवेदी-युगीन पत्रकारिता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(ङ) छायावादोत्तर पत्रकारिता का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(च) 'जनसत्ता' पत्र का महत्त्व लिखिए।

(छ) हिन्दी के पत्रकार के रूप में बनारसीदास चतुर्वेदी का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

(ज) प्रेस-संबंधी आचार-संहिता पर टिप्पणी कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) पत्रकारिता के प्रमुख प्रकारों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

(ख) साहित्यिक पत्रकारिता की प्रवृत्तियों को लिखकर उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(ग) हिन्दी पत्रकारिता को भारतेन्दु की देन पर विचार कीजिए।

(घ) प्रेस-संबंधी कानून को विस्तार से लिखिए।

(ङ) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता पर एक लेख लिखिए।

★★★